दिनांक 03.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 07 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

भिलाईनगर/ गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा अंगीकार कार्यक्रम अंतर्गत संपादित किया गया जिसके तहत् अपना स्वयं के मकान का सपना देख रहे 7 हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर 63 हितग्राहियों के नवीन आवास एवं 72 हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए जियोटैगिंग किया गया। वार्ड क्रं. 28 के हितग्राही श्रीमती सुखो देवी, श्री राम रघु राय सिंह एवं रामश्री शर्मा वार्ड क्रमांक 29 के हितग्राही पीर मोहम्मद, श्रीमति बासमती देवी एवं श्री जोहन देवांगन , वार्ड क्रमांक 31 के श्री व्ही. वासुदेव के नवीन आवास पर श्रीफल एवं पौधा भेंट कर गृह प्रवेश का कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

नवीन डी.पी.आर. अंतर्गत स्वीकृत नेहरू नगर जोन क्रमांक 01 के कुल 32 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा जारी करते हुए योजना का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के साथ-साथ प्रोत्साहन देकर आवास निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ करने कहा गया। आम्रपाली स्थित ए.एच.पी. आवास स्थल में अस्थाई रूप से निवासरत कुल 11 हितग्राहियों को उनके वास्तविक नवीन आवास में गृह प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एसपी साहू , सहायक अभियंता विनीता वर्मा एवं उप अभियंता जयंत शर्मा आदि उपस्थित थे!

जनसम्पर्क अधिकारी